तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 14 मार्च 2024

4
युवाओं में होती है सपने को सच करने की ताकतः कुलपति पटैरिया





## खबर संक्षेप



### वार्ड सफाई में लापरवाही पर सफाई दरोगा को नोटिस

रायगढ़। बुधवार की सुबह निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने वार्ड क्रमांक 06 के विभिन्न मोहल्ले का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड की सफाई ठीक नहीं होने और रोस्टर राजिस्तर पूर्ण नहीं होने पर सफाई दरोगा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। वार्ड पार्षद संजय देवांगन से वार्ड के संबंध में जानकारी ली गई। इसके बाद कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने वार्ड क्रमांक 06 अशोक विहार कालोनी, दीनदयाल कालोनी, आशीर्वादपुरम कालोनी एवं प्यासा मैदान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्ड के नालियों के मरम्मत करने के निर्देश उप अभियंता को दिए गए। इसी तरह वार्ड के आशीर्वादपुरम अपार्टमेंट में बेवजह पानी बहने पर वार्ड पार्षद और अपार्टमेंट निवासियों की सहमति से उसे काटने की बात कही गई। निरीक्षण के दौरान वार्ड के निर्माणाधीन सामुदायिक भवन को पूर्ण करने और गुणवत्ताविहीन बिल्डिंग निर्माण मटेरियल को उठवाने के निर्देश दिए गए। इसी तरह वार्डवासियों से रिक्शा दीदियों को ही सूखा और गिला कचरा अलग अलग देने और सभी तरह के टैक्स यूजर चार्ज समय पर जमा करने की अपील की गई। निरीक्षण के दौरान निगम के स्वास्थ्यए जल और राजस्व शाखा के अधिकारी उपस्थित थे।

### सहारा के ब्रांच मैनेजर की जमानत याचिका खारिज

रायगढ़। सहारा इंडिया और सहारा इंडिया कोऑपरेटिव सोसायटी के रायगढ़ ब्रांच के पूर्व ब्रांच मैनेजर ओमप्रकाश शर्मा को जेल की सलाखों में ही कैद रहना होगा। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में भी याचिका खारिज हो गई है जिसमें आरोपी ने राहत मांगी थी। अदालत ने मंगलवार को फटकार लगाते हुए स्पेशल कोर्ट में ही अपील करने को कहा। सहरा जिन लोगों ने अपनी मेहनत की कमाई इन्वेस्ट कीए आज वे खून के आंसू रो रहे हैं। अपनी जमा पूंजी पाने के लिए उनको पुलिस और अदालतों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। रायगढ़ के पूर्व ब्रांच मैनेजर ओमप्रकाश शर्मा ने उन्हीं जमाकर्ताओं की रकम से अपने लिए करोड़ों की दौलत इकट्ठा कर ली। पुलिस में एफआईआर के साथ ही प्रशासनिक स्तर पर भी कार्रवाई चल रही है। फिलहाल शर्मा जेल में है। 19 फरवरी को कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने शर्मा की 19 संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश पारित किया। रायगढ़ में उसकी संपत्तियों को कुर्क कर उससे मिलने वाली रकम पीड़ितों को लौटाई जाएगी। ओमप्रकाश शर्मा ने इस आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी।

### ताला तोड़कर दिनदहाड़े एक लाख की चोरी

रायगढ़। सरकारी राशन दुकान में चावल बांटने गए दम्पत्ति के सूने मकान का ताला तोड़ते हुए अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर तथा कैश सहित 1 लाख का माल उड़ा ले गया। दिनदहाड़े चोरी की यह वारदात खरसिया थाना क्षेत्र की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गोंड बोरदी में रहने वाले रविदास महंत की पत्नी सुनीता महिला स्व सहायता समूह के जरिए गांव में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का संचालन करती है। बीते सोमवार सुबह करीब 9 बजे सुनीता अपने पति रविदास के साथ सरकारी राशन दुकान में चावल वितरण के लिए गई। दोपहर 3 बजे महंत दम्पत्ति घर वापस पहुंचे तो पीछे का दरवाजा संदिग्ध परिस्थितियों में खुला मिला।

## ज्ञापन सौंपने के बावजूद मांगों के पूरी न होने पर आक्रोश

# प्लांट में तालाबंदी कर गेट पर धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा के समीप सन स्टील के खिलाफ बीते सप्ताह विभिन्न विकास संबंधी मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपे ज्ञापन के बावजूद मांगे पूरी न होने पर बुधवार को नगर पंचायत उपाध्यक्ष उस्मान बेग के नेतृत्व में उद्योग के गेट पर तालाबंदी करते हुए धरना प्रदर्शन किया गया।

उस्मान बेग ने बुधवार सुबह 6 बजे से स्वयं प्लांट के मुख्य गेट पर ताला जड़कर कामकाज को बंद कराते हुए अपने विभिन्न मांगों पर अड़कर प्लांट के मुख्य गेट पर क्षेत्रवासियों के साथ बैठ गए। धरना स्थल पर पुलिस ने भी निगरानी शुरू कर दी। लगातार कई घंटों तक प्रदर्शन जारी रहने के बाद उद्योग प्रबंधन की ओर से प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर आवश्यक मांगों को यथाशीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। उस्मान बेग ने मांगों को दोहराते हुए कहा कि सन स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पिछले लंबे समय से की जा रही क्षेत्र के आम जनमानस व अन्य लोगों के हितों में घोर लापरवाही, हितों की उपेक्षा, कार्य की जवाबदेही नहीं रखने के साथ साथ अन्य अनेकों मुद्दों में जनता के साथ विभिन्न मांगों को लेकर व प्लांट की समस्या पर हम सभी इस उद्योग के खिलाफ तालाबंदी कर उग्र घेराव प्रदर्शन कर रहे है। प्रदर्शन कर रहे नेताओं ने अपनी मांगों में प्रमुख रूप से प्रभावित ग्राम में स्वास्थ्य, शिक्षा सुविधाओं में इजाफ़ा करने उद्योग प्रबंधन द्वारा स्थानीय लोगों को हर फ़ील्ड में योग्यतानुसार रोज़गार प्राथमिकता मिले, कर्मचारियों के लिए पीएफ ईसीआई का प्रावधान लागू हो, मजदूरो का भुगतान बैंक अकाउंट से हो, मजदूरो का भुगतान दर बढ़े, मंदिर पास पुराने पिकनीक स्पाट का जीर्णोद्धार व नव निर्माण हो, कैंटीन का संचालन प्रभावित ग्राम के महिलाओं समितियों की टीम बनाकर हो, कर्मचारियों मजदूरों का गेट पास बने व मेडिकल व्यवस्थाओं में इजाफ़ा हो, प्रभावित ग्रामो में निवासरत ग़रीबों को जरुरत के मुताबिक कंपनी की मदद मिले साथ ही अन्य आवश्यक मांगों पर भी त्वरित विचार करने जैसे बिंदु शामिल किए गए थे।



### एनएसयूआई ने घेरा शिक्षा विभाग का दफ्तर



निजी विद्यालयों की मनमानी को लेकर एनएसयूआई के सदस्यों ने प्रदर्शन करते हुए शिक्षा विभाग का घेराव किया और नारेबाजी करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर ऐसे निजी विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की। बता दें कि बीते दिनों कुछ निजी स्कूल प्रबंधनों ने पालकों को एक निर्देश जारी करते हुए कहा था कि स्कूल के गणवेश सहित पठन सामाग्री एक दुकान विशेष से ही लेना होगा। इसके अलावा संबंधित विद्यार्थी को अपने साथ बीते सत्र का रिपोर्ट कार्ड लेकर ही विद्यालय आना होगा, अन्यथा उन्हें प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इस मामले में अब एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोलते हुए बुधवार को प्रदर्शन किया और शिक्षा विभाग का घेराव करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर 24 घंटे के भीतर संबंधित स्कूल प्रबंधनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने तथा ऐसे तुगलकी फरमान को वापस लेने की मांग की। इस दौरान अहम बात यह रही कि यदि 24 घंटे के भीतर शिक्षा विभाग द्वारा ऐसे स्कूल प्रबंधनों पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो ऐसी स्थिति में वे उग्र प्रदर्शन करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की तालाबंदी करेंगे। ज्ञात हो कि बुधवार के अंक में हरिभूमि ने कार्मेल स्कूल द्वारा जारी किए गए तुगलकी फरमान की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस खबर में हरिभूमि ने बताया था कि किस तरह कार्मेल स्कूल के अजीबोगरीब फरमान से बच्चों तथा पालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस खबर के प्रकाशित होने के बाद ही एनएसयूआई ने मोर्चा खोलते हुए ऐसे विद्यालय प्रबंधनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## अस्पताल की बर्न यूनिट में भर्ती मरीजों के लिए पंखा तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अपने निजी भवन में चले जाने के बाद से जिला अस्पताल की हालात पूरी तरह से असुविधा युक्त हो चुकी है। जिला अस्पताल में मरीजों के लिए कोई भी आवश्यक सुविधा उपलब्ध नहीं है। जिसका अंदाजा यह नजारा देखकर लगाया जा सकता है कि जिला अस्पताल के लगभग सभी बिस्तर खाली पड़े रहते हैं।

जिला अस्पताल के एक वार्ड में एक मरीज का होना भी बड़ी बात है। वर्तमान में जिला अस्पताल में ओपीडी और कैजुअल्टी वार्ड के अलावा मेल फीमेल सर्जिकल और मेल फीमेल मेडिकल आईपीडी वार्ड संचालित हो रहे हैं। इसके साथ ही पांच बिस्तर का बर्न वार्ड जर्जर हालत में संचालित हो रहा है जहां मरीजों को एक कलर और पंखा की आवश्यकता होती है ऐसे में बर्न वार्ड की स्थिति का यदि जायजा लिया जाए तो मालूम चलता है कि वहां के पंखे घूमते हैं लेकिन उनमें हवा नहीं आती। जिस कारण मरीजों को ठंडक दिलाने के लिए उनके परिजनों द्वारा बाजार से पंखे खरीद कर लगाने की आवश्यकता पड़ती है। बर्न वार्ड के मरीज का इलाज भगवान भरोसे जिला अस्पताल में चलता है क्योंकि आग से झूलसे से मरीजों को केवल इंजेक्शन और बोतल चढ़ाकर इलाज की प्रक्रिया पूरी की जाती है। जिससे ज्यादातर मरीजों की मौत हो जाती है और कुछ मरीज तीन तीन महीने तक भर्ती होकर अस्पताल का दुख भोगते हैं। इस संबंध में अस्पताल स्टाफ का कहना है कि जब तक अस्पताल का पूरी तरह नए सिरे से निर्माण नहीं किया जाता है तब तक स्थिति ऐसी ही रहेगी।



**मरीजों के परिजन स्वयं कर रहे हवा की व्यवस्था**

## वित्त मंत्री ओपी ने 44.41 लाख स्वेच्छानुदान राशि जारी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने स्वेच्छानुदान मद से 1497 जरूरतमंद हितग्राहियों को 44 लाख 41 हजार रुपए जारी किए हैं। जिसमें से छात्रों को पढ़ाई लिखाई में सहयोग के साथ ही अन्य हितग्राहियों को स्व रोजगार और इलाज के लिए भी वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने स्वेच्छानुदान मद से राशि जारी की है। यह राशि छात्रों सहित सभी हितग्राहियों के खातों में अंतरित कर दिए गए हैं। छात्रों ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी को उनके सहयोग के लिए के लिए बहुत.बहुत आभार जताया है। लोरंइग निवासी निकिता चौहान ने बताया कि वह बीए फर्स्ट ईयर में अध्ययनरत है। परिजन रोजी मजदूरी करते है, लिहाजा स्वेच्छानुदान की राशि से काफी सहायता मिल रही है। इसका उपयोग वह प्रतियोगिता परीक्षाओं की पुस्तकें व स्टेशनरी खरीदने में कर रही हैं। बेलादुला निवासी निर्मला विश्वकर्मा ने कहा कि वह नर्सिंग ग्रेजुएशन पूर्ण कर चुकी हूं। ऐसे में आगे की तैयारी के लिए स्वेच्छानुदान की राशि से सहायता मिल रही है। सृजन सिंह ने बताया कि वे इलेक्ट्रिकल ब्रांच के अंतिम वर्ष में पढ़ाई कर रहे है। स्वेच्छानुदान से प्राप्त राशि का उपयोग रेल्वे, गेट जैसे विभिन्न परीक्षाओं के फॉर्म भरने में कर रहे है।

### दो बाइक में भिड़ंत, दो घायल

रायगढ़। धनेश्वर राठिया पिता जुगीत राम राठिया ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह ग्राम कारीछापर थाना घरघोड़ा में रहता है। उसके बडे पिता साधराम राठिया ग्राम कुर्मीभौना के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पढाते हैं। 13 मार्च को वह अपने बडे पित को स्कूल छोडने के लिये अपने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 यूजे 3962 से जा रहा था, मोटरसाइकिल को वह स्वयं चला रहा था और उसके बडे पिता पीछे बैठे थे। सुबह करीबन 9.30 बजे टेरम रूमकेरा के मध्य हाई स्कूल मोड के पास मेन रोड में सामने तरफ से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 आर 4808 के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते उन्हें ठोकर मार दी। गिरने से उसके जबड़े, दाहिना कंधा, बांए पैर में चोट आई है।

## दो कार में भिड़ंत, दो युवक सहित महिला घायल

रायगढ़। मयंक महोबिया पिता पवन ने खरसिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह शिक्षक नगर लुचकीपारा वार्ड क्रमांक 07 दुर्ग में रहता है। उसकी कार क्रमांक सीजी 07 सीएल 8211 से वह और उसका ससुर विजय तंबोली, साडु भाई राहुल महोबिया, संध्या महोबिया व उनके दो छोटे बच्चे के साथ दुर्ग से रायगढ जा रहे थे। गाडी को वह स्वयं चला रहा था। करीब 11.55 बजे चपले खरसिया के पास मेनरोड में पहुंचे ही थे कि सामने तरफ से आ रही कार क्रमांक सीजी 13 एआर 6633 के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए दूसरे गाडी को ओवरटेक करते हुए उसकी कार क्रमांक सीजी 07 सीएल 8211 को सामने से जोर से ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से मेरी गाडी खेत में जा गिरी। गाडी में बैठे ससुर विजय तंबोली, संध्या महोबिया, राहुल महोबिया के हाथ पैर एवं मेरे दाहिने पैर के घुटना के पास चोट लगी है। आरोपी कार सवार कार को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए मामले को विवेचना में लिया है। डिलेश्वर प्रसाद चौधरी पिता घनश्याम प्रसाद चौधरी ने भी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह ग्राम गारे थाना तमनार का निवासी है और गाड़ी चलाने का काम करता है। लक्ष्मीपुर निवासी सुरेश नाग की कार क्रमांक सीजी 13 एआर 6633 से सुरेश नाग के मेहमान को बैठाकर रायगढ से सक्ती जा रहा था। इसी बीच चपले के पास करीब 12 बजे सामने तरफ से सफेद रंग का टोयोटा ग्लेन्जा कार क्रमांक सीजी 07 सीएल 8211 के चालक द्वारा काफी तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते लाते हुए सामने से टक्कर मार दी गई।



## बिलाईगढ़ नपं के अध्यक्ष पद पर भाजपा का कब्जा

सारंगढ़। जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के अंतर्गत बिलाईगढ़ नगर पंचायत में अध्यक्ष पद का निर्वाचन संपन्न हुआ। जिसमें भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी राम नारायण देवांगन थे।

कांग्रेस के लकेश्वर देवांगन को 6 मत से पराजित किया। गौरतलब है कि नपं बिलाईगढ़ में भाजपा को निर्णायक बहुमत नहीं था किंतु भाजपा संगठित होकर गंभीरता से चुनाव लड़ी। जिससे कांग्रेस को पराजय का सामना ही नहीं करना पड़ा अपितु उसके पार्षदों ने खुलेआम भाजपा का समर्थन कर कांग्रेसियों को सख्ते में ला दिया। नपं गठन के पश्चात पहली बार कोई निर्वाचित अध्यक्ष भाजपा का निर्वाचित हुआ है। प्रदेश भाजपा ने जहां पर्यवेक्षक के रूप में कुशल संगठन कर्ता अशोक पांडे को भेजा, वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष जालान की कुशल रणनीति बेहद अहम रही। पार्षदों की टोली को नगर पंचायत उपाध्यक्ष नरेश देवांगन से संभाल कर रखा। प्रदेश में भाजपा की सरकार तथा नपं में भाजपा के अध्यक्ष बनने से क्षेत्र में खुशी का माहौल निर्मित हो गया है, तथा विकास से कोसों दूर बिलाईगढ़ में विकास की गंगा बहेगी, वहीं लोकसभा चुनाव से पूर्व भाजपा की जीत ने कांग्रेसियों की नींद हराम कर दी तथा कुछ राजनीतिक के जानकारों ने इसे प्रारंभिक रुझान का नाम दे रहे हैं। इस जीत से भाजपा पार्षदों में उल्लास भर गया है। वहीं कांग्रेस में निराशा की लहर फैल गई है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामनारायण देवांगन को बधाई देने वाले प्रमुख रूप से सुभाष जालान, अशोक पांडे, डॉ सनम जांगड़े डॉ दिनेश लाल जांगड़े,द्वारका साहू, धनेश साहू, नरेश देवांगन, टीकाराम जायसवाल, संतोष साहू, हेतराम साहू, सतीश रात्रे, रेवती चंद्रा झाड़ू लाल साहू राधा राकेश, संतोषी साहू इत्यादि सैंकड़ो भाजपाई थे।

### कांग्रेस नेता के भाई की शादी में लाखों की चोरी

रायगढ़। शहर में मंगलवार की रात एक शादी समारोह में अज्ञात शख्स ने सोने.चांदी के जेवरात और पैसों से भरा बैग लेकर भाग गया। वहां लगे सीसीटीवी फुटेज में आरोपी बैग ले जाते कैद हुआ है। यह शादी प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव राकेश पाण्डेय के छोटे भाई की थी। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। दरअसल, लक्ष्मीपुर निवासी राकेश पाण्डेय पिता अनिल पाण्डेय 35 वर्ष ने बताया कि 11 मार्च को छोटे भाई रितेश पाण्डेय की शादी रेड क्वीन रायगढ में थी। जहां पूरा परिवार शादी की तैयारियों में लगा था। रात करीब 12.30 बजे समारोह स्थल में लड़की पक्ष अलग हॉल में शादी की रश्म रीवाज को पूरा कर रहे थे। जहां लड़की की मां और परिवार के सदस्य व्यस्थ थे। अपने पर्स में शादी के गहने सोने की एक चैन, दो सोने का रिंग, सोने का कान का झुमका, चांदी का पायल, चांदी के सिक्के और नगद करीब 60 हजार रुपए को मंडप स्थल में रखे थे।कुछ देर बाद देखने पर बैग वहां से गायब हो गया। आसपास खोजबीन करने पर पता नहीं चलाए तो चोरी की आशंका हुई। सीसीटीवी कैमरा चेक करने पर मंडप स्थल के पास ही अंजान व्यक्ति बैग ले जाते दिखा है। उसकी पहचान नहीं हो सकी है।




हरिभूमि द्वारा
विश्व महिला दिवस के अवसर पर
सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

प्रथम पुरस्कार — सोने की अंगूठी
द्वितीय पुरस्कार — मिक्सर ग्राइंडर
तृतीय पुरस्कार — डिनर सेट
चतुर्थ पुरस्कार — इलेक्ट्रिक आयरन
विशेष पुरस्कार 5
एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार

1. अर्जुन पुरस्कार प्राप्त प्रथम महिला ? ..................
2. महिला एवं बाल विकास विभाग की स्थापना कब हुई ? ..................
3. आस्कर पुरस्कार जितने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..................
4. बुकर पुरस्कार प्राप्त करने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..................
5. मिस वर्ल्ड बनने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..................
6. दूरदर्शन पर समाचार पढ़ने वाली प्रथम महिला ? ..................
7. राष्ट्रीय बालिका दिवस कब मनाया जाता है ? ..................
8. सुप्रीम कोर्ट की प्रथम महिला जज ? ..................
9. भारत की प्रथम महिला IAS कौन थी ? ..................
10. अन्तरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति की सदस्य बनने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..................

Summer Camp for KIDS
छुपा है हर घर में हुनर
एरिना में उसे बनाएंगे और भी बुलंद
Exclusively for Class 5th - 11th
ARENA ANIMATION
Call : 88188 00 890 Link Road, Bilaspur
• Graphics • Web Page Designing • Gaming
• Sound - Video Editing • 2D - 3D Animation

J.K. GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING B Tech in Mechanical Engineering, Civil Engineering, Electrical Engineering, Computer Science & Engineering
BILASPUR COLLEGE OF POLYTECHNIC DIPLOMA in Mechanical Engineering, Mining, Civil Engineering, Electrical Engineering
J K EDUCATIONAL INSTITUTE OF SCIENCE ARTS AND COMMERCE Bsc. BIOLOGY B.COM B.A. | PGDCA
PHARMACY M. PHARMA B. PHARMA D. PHARMA
JES COLLEGE OF NURSING B.Sc Nursing
J.K. NATIONAL SCHOOL
JES COLLEGE EDUCATION B.ed D.El.Ed
CITY OFFICE : Opposite Anand Children Hospital, Torwa, Bilaspur (C.G.)
COLLEGE : Near Gatora Railway Station, Bilaspur (C.G.)
CONTACT NO. : 98271-90018, 90399-69828, 70007-88531

नियम एवं शर्तें - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2. महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है। 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्टि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2024 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा। 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़ें किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा। 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा। 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी। 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्टि हरिभूमि के एजेंटों/संवाददाताओं/ जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है।

विश्व महिला दिवस प्रविष्टि
नाम सुश्री / श्रीमती :- ..................
पिता/पति का नाम :- ..................
स्थाई पता :- ..................
..................
फोन/मो. नं. :- ..................
शैक्षणिक योग्यता :- ..................
फोटो यहां चिपकाएं

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING | MBA | PHARMACY | LAW
COMMERCE, ARTS & SCIENCE | SCHOOL
Campus : Near High Court, Raipur Road, Bilaspur, Mob. : 9522220113, 9516606123

### रेडक्रॉस सोसायटी और आरईसी फाउंडेशन के बीच हुआ एमओयू

# एटीएम हेल्थ मशीन से लैस मेडिकल यूनिट प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले को मोबाईल मेडिकल यूनिट की सुविधा मिलने जा रही है। इससे प्रति माह 10 हजार लोग लाभान्वित होंगे। इसके लिए भारतीय रेडक्रास सोसायटी छत्तीसगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह महासचिव एमके राउत तथा इंडियन रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन अशोक अग्रवाल की विशेष उपस्थिति में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ और आरईसी फाउंडेशन के बीच 12 मार्च को मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए है।



सारंगढ के अलावा तीन जिलों कोण्डागांव, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी और मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर में मोबाइल मेडिकल यूनिट शुरु की गई है। भारतीय रेडक्रास सोसायटी छत्तीसगढ़ के सचिव डॉ. रूपल पुरोहित एवं आरईसी फाउंडेशन के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय के सीपीएम प्रदीप फैलोज ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। आरईसी फाउंडेशन द्वारा प्रदान किए गए सीएसआर मद के 4.83 करोड़ रूपए से आगामी तीन वर्षो तक छत्तीसगढ़ के चार जिलों में मोबाईल मेडिकल यूनिट की सुविधा मिलेगी। उल्लेखनीय है कि मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से छत्तीसगढ़ को कमजोर और कम सेवा वाले क्षेत्रों में लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसमें एटीएम हेल्थ मशीन की सुविधा होगी, जिसके माध्यम से पचास से अधिक तरह के टेस्ट किए जा सकेंगे एवं मौके पर ही टेस्ट रिपोर्ट देने की सुविधा रहेगी। इन यूनिट्स के माध्यम से वंचित आबादी को मुफ्त दवा सहित घर पर प्राथमिक चिकित्सा सेवा प्रदान की जाएगी। हर यूनिट में डॉक्टर्सए नर्सए लैबटेक्निशियन के साथ बुनियादी स्वास्थ्य उपकरणों की सुविधा उपलब्ध होगी।

**खबर संक्षेप**

## कालेज परीक्षा की तारीख आगे बढ़ाने की मांग

**रायगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद डिग्री कॉलेज इकाई द्वारा जिले व विश्विद्यालय के अग्रणी कॉलेज डिग्री कॉलेज में प्राचार्य के माध्यम से विश्विद्यालय के कुलसचिव को ज्ञापन सौंप कर यह मांग की है वर्तमान में अभी बहुत से विषयो के प्रैक्टिकल सभी कॉलेजों में चल रहे है जिसके बाद छात्र छात्राओं को मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए काफी कम समय मिलता साथ ही अभी कुछ दिनों बाद होली महापर्व भी है जिसे मनाने छात्र अपने अपने घर जाते है सम्भावित समय सारणी विश्विद्यालय द्वारा जारी की गई थी जिसमे होली बीच में पड़ रहा था साथ ही प्रैक्टिकल के बाद तैयारी के लिए समय बहुत कम बच रहा था जिसे लेकर जिले भर के छात्र छात्राए परेशान हो रहे थे विद्यार्थी परिषद ने जिम्मेदारी दिखाते हुए छात्रो की इस समस्या को दूर करने ज्ञापन सौंपा है और विश्विद्यालय से परीक्षा की तिथि में वृद्धि करने की मांग की है।

## जवाहर उत्कर्ष योजना का परीक्षा परिणाम जारी

**रायगढ़।** पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा के लिए 10 मार्च को जिला मुख्यालय के लोकमान्य तिलक उमाविचक्रधर नगर रायगढ़ में लिखित परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के 189 आवेदन पत्र प्राप्त हुआ। इसमें से 149 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। प्रवेश संबंधी चेक लिस्ट अनुसार परीक्षा परिणाम की घोषणा किया जाना है। जिसमें यदि किसी विद्यार्थी अथवा पालक को परीक्षा परिणाम में कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना है तो वे अपना लिखित अभ्यावेदन 15 मार्च तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ में कार्यालयीन समय पर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के बाद प्राप्त अभ्यावेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। परीक्षा परिणाम का अवलोकन सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय एवं कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

## बटमूल कॉलेज में रासेयो की बी प्रमाण पत्र परीक्षा

**महापल्ली।** बटमूल आश्रम महाविद्यालय साल्हेओना महापल्ली में राष्ट्रीय सेवा योजना बी सर्टिफिकेट परीक्षा 2023-24 का आयोजन 13 मार्च को विश्वविद्यालय रायगढ़ रासेयो प्रकोष्ठ के कार्यक्रम समन्वयक डॉ सुशील कुमार एक्का, जिला संगठक भोजराम पटेल के दिशा निर्देशानुसार बटमूल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पीएल पटेल, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. पी के कापड़ी एवं प्रो. पी के गुप्ता के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्णा गुप्ता के नेतृत्व में बाह्यपरीक्षक डिग्री कालेज के रासेयो इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दीप्ति निकुंज की उपस्थिति में सत्र 2023-24 की बी प्रमाण पत्र परीक्षा संपन्न हुआ। उक्त परीक्षा में महाविद्यालय के 12 पात्र स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। यह परीक्षा एनएसएस से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्नों का निर्धारित समय में लिखित और मौखिक दोनों रूप में आयोजित किया गया। रासेयो के बी प्रमाण पत्र परीक्षा के संचालन में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## स्थानांतरित अधिकारियों को मिला नया प्रभार

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने रायगढ़ और खरसिया अनुविभाग में एसडीएम के पदस्थापना आदेश जारी किए हैं। जिसके अनुसार डिप्टी कलेक्टर प्रवीण तिवारी को रायगढ़ एसडीएम बनाया गया है। वहीं संयुक्त कलेक्टर डॉ प्रियंका वर्मा को खरसिया एसडीएम का प्रभार दिया गया है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों के प्रभार में भी फेर बदल किया है। जारी आदेश के अनुसार अतिरिक्त तहसीलदार खरसिया के पद पर पदस्थ डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा को जिला कार्यालय, रायगढ़ में पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार तहसीलदार लैलूंगा एवं अति प्रभारी तहसीलदार मुकडेगा नंदकिशोर सिन्हा को तहसीलदार छाल एवं तहसीलदार कापू का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय द्वारा युवा संवाद कार्यक्रम

# युवाओं में होती है सपने को सच करने की ताकत: कुलपति पटैरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ शहीद नंदकुमार पटेल विश्विद्यालय रायगढ़ और उत्तम मेमोरियल कॉलेज रायगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 12 मार्च मंगलवार को युवा संवाद कार्यक्रम का अयोजन उत्तम मेमोरियल कॉलेज सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ इस युवा संवाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहीद नंदकुमार पटेल विश्वि विद्यालय रायगढ़ के कुलपति प्रो. डॉ.ललित प्रकाश पटैरिया थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुशील कुमार एक्का ने की, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि केजी कॉलेज रायगढ़ के पूर्व प्राचार्य डॉ.अंजनी कुमार तिवारी रहे। उत्तम मेमोरियल कॉलेज के संचालक संजय चौधरी के मार्गदर्शन और प्राचार्य डॉ. गोमती सिंह के नेतृत्व में यह कार्यकम सम्पन्न हुआ।

प्राचार्य डॉ. गोमती सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुशील कुमार एक्का द्वारा अयोजन की विस्तृत रूपरेखा एवं उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गई। तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि और मुख्य अतिथि द्वारा उद्बोधन के माध्यम से युवाओं का मार्गदर्शन किया गया। अतिथि उद्बोधन के इसी क्रम में युवाओं के विशेष मार्गदर्शक के रुप में उपस्थित राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक भोजराम पटेल ने राष्ट्रकवि दिनकर की प्रेरक पंक्ति उठे राष्ट्र तेरे कंधो पर बढ़े प्रगति के प्रांगण में के द्वारा युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। विकसित भारत युवा संवाद प्रतियोगिता में निर्णायक के रुप में शहीद नंदकुमार पटेल विश्विद्यालय रायगढ़ के दीन एवं छात्र कल्याण अधिष्ठता अधिकारी एवं केजी कॉलेज हिन्दी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ रविंद्र कौर चौबे, पालुराम धनानिया शासकीय महाविद्यालय रायगढ़ वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापक एवं एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रीति तन्ना तथा शासकीय महाविद्यालय पुसौर के प्राध्यापक श्रीबच्छ भोय रहे, जिन्हें विश्वविद्यालय रासेयो परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।





एनएसएस के कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी और आमंत्रित अतिथि।

### युवाओं के बीच आकर युवा महसूस करता हूं

युवा संवाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहीद नंदकुमार पटेल विश्विद्यालय रायगढ़ के कुलपति प्रो. डॉ.ललित प्रकाश पटैरिया ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भुमिका सबसे महत्वपूर्ण है, युवावस्था उत्साह उमंग और जोश से भरा रहता है उनमें सपने को साकार करने का संकल्प और ताकत होता है उन्होंने कहा कि युवा छात्र छात्राओं के बीच रहकर मैं भी खुद को युवा महसूस करता हूं। प्रो पटैरिया ने शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय के अल्पकाल में ही उपलब्धि और विकास की यात्रा को भी रेखांकित किया। डॉ. पटैरिया ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आयोजक मंडल को शुभकामनाएं भी दी।



## जेपीएल तमनार में 53 वें राष्ट्रीय सुरक्षा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

जिंदल पावर लिमिटेड तमनार में 53वॉं राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह 04 मार्च को प्रारंभ होकर 10 मार्च तक संचालित किया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह समारोह का समापन कार्यक्रम जिप्ट सभागार में सुरक्षा नियमों के पालन, नैतिक जिम्मेदारी एवं सामूहिक उत्तरदायित्व के शपथ व वचनबद्धता के साथ सम्पन्न हुआ।

■ वर्ष के थीम पर्यावरण, सामाजिक और शासन ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर ध्यान

इस अवसर पर इस वर्ष के ग्लोबल थीम पर्यावरण, सामाजिक और शासन ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर ध्यान दें के विषय पर विस्तृत परिचर्चा की गई। इस दौरान कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए सुरक्षा आधारित पोस्टर, स्लोगन, सुरक्षा आधारित निबंध एवं सुरक्षा सुझाव जैसे कार्यक्रम आयोजित कर सुरक्षा जागरूकता का प्रयास किया गया। जिसमें कार्यरत कर्मचारियों व श्रमिकों ने बढ़ चढकर भाग लिया एवं विजेता प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया गया।

कार्यक्रम छविनाथ सिंह, कार्यपालन निदेशक एवं यूनिट हेड, जिंदल पावर लिमिटेड तमनार के मुख्य आतिथ्य, गजेन्द्र रावत, उपाध्यक्ष, आपरेशन एंड मेंटनेंस, संदीप सांगवान, प्रमुख, मानव संसाधन एवं कर्मचारी सेवाएं अजित राय, उपाध्यक्ष, एनके सिंह, सहायक उपाध्यक्ष के विशिष्ठ आतिथ्य एवं संस्थान में कार्यरत शताधिक कर्मचारियों एवं श्रमिकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। तत्पश्चात शिव कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, अग्नि एवं सुरक्षा विभाग ने अतिथियों का स्वागत एवं सप्ताह भर संचालित कार्यक्रमों के विषय में विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान एनके सिंह ने कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाकर सुरक्षा नियमों के पालन हेतु वचनबद्ध कराया। कार्यक्रम को प्रथमतया सम्बोधित करते हुए गजेन्द्र रावत ने कहा कि संयंत्र में कार्यरत समस्त कर्मचारियों के लिए सुरक्षा अति आवश्यक है। आप सभी कार्यो में सुरक्षा के विभिन्न उपायों का समुचित उपयोग करते हुए अपने एवं परिवार को भी सुरक्षित रखें। इस अवसर पर अपने मुख्य आतिथ्य सम्बोधन में छविनाथ सिंह, कार्यपालन निदेशक एवं यूनिट हेड, जेपीएल तमनार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के बारे में परिचर्चा करते हुए संयंत्र में सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारियों को जागरूक किया तथा सुरक्षा नियमों को अपने जीवन में आदत बनाने को कहा। उन्होनें उपस्थित कर्मचारियों से जोर देकर कहा कि सुरक्षा केवल संयत्र का विषय नहीं वरन जीवन का लक्ष्य होना चाहिए। हम सभी सुरक्षा नियमों को अपने व्यवहार का अंग बनाये एवं हरसंभव इसका पालन करें क्योकि सुरक्षा न केवल संयंत्रों के लिए बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षण में अनिवार्य है। सुरक्षा नियमों के प्रति वचनबद्धता हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है तथा यह व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामुहिक उत्तरदायित्व भी है।

## कृषक उन्नति योजना में पुसौर के किसानों को मिले 100 करोड़

**पुसौर।** प्रदेश में मोदी की गारंटी के तहत किए वादों का जमीनी स्तर पर क्रियान्वित होते जा रहा है जिसमें महतारी वंदना योजनान्तर्गत प्रदेश के लाखों महिलाओं के खाते में बीते दिनांक को राशि अन्तरित हुए इसी कड़ी में किसानों को प्रति क्विंटल 3100 रूपए की राशि कृषक उन्नति योजना के जरिए सभी किसानों को समर्थन मूल्य की अन्तर राशि 917 रूपए अन्तरित करने एक उत्सव का रूप देते हुए प्रत्येक जिला एवं जनपद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित हुए। पुसौर जनपद में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य घनश्याम पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि व कृषकों की उपस्थिति में कृषि विस्तार अधिकारी आर के पटेल, सीईओ अभिशेक बनर्जी, अपेक्स बैंक प्रबंधक परेता एवं क्षेत्रीय समस्त सेवा सहकारी समिति प्रबंधन के व्यवस्था में कृषक उन्नति योजना कार्यक्रम आयोजित हुई। अधिकारी रोहित पटेल कृषि संबंधी योजना का विस्तार से प्रकाश डाला वही प्रबंधक एम के परेता ने बताया कि पुसौर क्षेत्र के 16399 किसानों को 100 करोड 37 लाख 510 रूपए वितरीत होने की बात कही।

## खरसिया और चौकी जोबी में ली गई कोटवारों की मीटिंग

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन पर सभी थाना क्षेत्र में कोटवारों की मीटिंग लेकर निकटवर्ती चुनाव की तैयारियों एवं जनधन की सुरक्षा को लेकर कोटवारों को आवश्यक समझाइश दी जा रही है। इसी क्रम में आज थाना पुसौर पुलिस चौकी खरसिया एवं जोबी में कोटवारों की मीटिंग आहूत किया गया। पुलिस चौकी जोबी में एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल, थाना प्रभारी खरसिया प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल व चौकी प्रभारी जोबी सहायक उप निरीक्षक आशिक रात्रे द्वारा कोटवारों को चुनाव में उनके कार्य तथा वर्तमान में हो रहे साइबर अपराधों से जागरूक किया गया। एसडीओपी प्रभात पटेल ने कोटवारों को गांव का महत्वपूर्ण व्यक्ति बताया जिसे गांव के हर व्यक्ति और गांव में होने वाले छोटे बड़े अपराधों की जानकारी होती है। उन्होंने कोटवारों को प्रशासन और पुलिस का प्रतिनिधि बताया और गांव में अजनबी व्यक्तियों के आने जाने और गतिविधियों पर नजर रखकर पुलिस को तत्काल सूचना देने प्रेरित किया गया।



पुलिस चौकी खरसिया में प्रशिक्षु डीएसपी अमन लखीसरानी द्वारा क्षेत्र के ग्राम सरपंच और कोटवारों को चौकी में बैठक लेकर उन्हें साइबर क्राईमए यातायात नियमों तथा चुनाव ड्यूटी के संबंध में जानकारी दिया गया और नशे की रोकथाम के बारे में बताया गया। थाना पुसौर में उपस्थित कोटवारों को आगामी लोकसभा चुनाव में उनके कार्यों की जानकारी देकर नियमित थाने आने एवं गांव के प्रत्येक गतिविधियों के संबंध में सूचनाएं देने कहा गया।

## भारी वाहनों का दबाब बढ़ा, सचेत होकर चलने की जरूरत

**पुसौर।** चंद्रपुर में सडक निर्माण की वजह से पुसौर सरिया मार्ग व्यस्त हो गया वहीं भारी वाहनों के आवाजाही से पुसौर के न केवल आम जनता को बल्कि पुलिस प्रशासन को भी सावधान हो जाने की जरूरत है। खासकर गति नियंत्रण और यातायात नियम के पालन करने की भी आवश्यकता है।

जानकारी के मुताबिक पुसौर के सरिया-रायगढ मार्ग में इन दिनों भारी वाहनों का दबाब बढ गया है चूंकि चंद्रपुर में गौरव पथ निर्माण हो रहा है इसलिए वहां भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाया गया है। स्कूल प्रवेश एवं छुट्टी के समय थाना प्रभारी पुसौर एवं उनके टीम द्वारा चौक चौराहे में तैनात मिलते हैं और भारी वाहनों के आवाजाही पर रोक लगा रहे हैं जिससे बाजार चौक एवं बोरोडिपा चौक में सैकडों वाहन प्रतीक्षा में रहते हैं। बताया जाता है स्कूल के समय को छोड कर शेष समय में लगातार भारी वाहनों का आवागमन जारी है वहीं रोड के सोल्डर मरम्मत नहीं होने से साइड देने में वाहनों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और इसी बीच बाइकर्स को सम्हल कर चलने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि पुसौर के बाजार चौक से बोरोडिपा के बीच कई दुर्घटनाएं हो चुकी है जिसमें कईयों को जान भी गंवानी पडी है ऐसे स्थिति में सभी को सतर्क और सावधान होकर चलना ही जन साधारण को आवश्यक है।



## चेंबर उपाध्यक्ष की दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने की अपील

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास ने जिले के व्यापारी बंधुओं से अपील की है कि अपने अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों में आवश्यक रूप से कैमरा लगाएं और कैमरे को दुकान के बाहर के क्षेत्र की विजिबिलिटी को बनाए रखते हुए लगाएं ताकि घटना या दुर्घटना होने के स्थिति में पुलिस द्वारा त्वरित रूप से कार्रवाई सरलता पूर्वक की जा सके। कैमरा हमारे लिए सुरक्षा प्रदान करने वाला उपकरण है। इसका अनुसंधान हमारे जान माल की सुरक्षा के मद्देनजर किया गया है। इसलिए उसका उपयोग हमें करना चाहिए इससे पुलिस का कार्य सरल हो जाता है। पुलिस अधीक्षक ने भी व्यापारी बंधुओं से अपील की है।

## राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए दो दिन शेष

**सारंगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश में निवासरत और पलायन किए नागरिक की सुविधा का ध्यान रखते हुए राशन कार्ड नवीनीकरण की तारीख बढ़ाया है, ताकि सभी पात्र हितग्राही अपना आवेदन प्राथमिकता से कर सकें। छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित राशनकार्डों के नवीनीकरण हेतु अंतिम तिथि 15 मार्च है। राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। राशनकार्डधारी अपने मोबाईल में इस एप्प के जरिए नवीनीकरण के लिए इलेक्ट्रानिक आवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे हितग्राही जिनके पास एन्ड्राईड मोबाईल नहीं है अथवा जहां पर मोबाईल कनेक्टिविटी नहीं है वहां उचित मूल्य दुकान स्तर पर ऑनलाईन प्रक्रिया के जरिए राशनकार्डों के नवीनीकरण हेतु इलेक्ट्रानिक आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा भी दी जा रही है।

## 15 लीटर महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में आज 12 मार्च को टाउन पेट्रोलिंग दौरान मुखबीर सूचना पर जूटमिल पुलिस द्वारा सराईभद्दर के विक्की बंजारे उम्र 33 वर्ष के घर छापेमार कार्रवाई किया गया। थाना प्रभारी को सूचना मिली थी कि विक्की बंजारे घर पर अवैध रूप से शराब की बिक्री करता है।

छापेमारी में विक्की बंजारे के कब्जे से दो प्लास्टिक पॉलिथीन में रखा करीब 15 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी विक्की बंजारे द्वारा शराब अवैध बिक्री के लिए रखना बताया है। आरोपी के कृत्य पर थाना जूटमिल में धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक नरेन्द्र सिदार, आरक्षक शशिभूषण साहू, लखेश्वर पुरसेठ और महिला आरक्षक आशा सिदार शामिल थे।



### रेगड़ा में 32 लीटर शराब जब्त

**रायगढ़।** फरार वारंटियों की पतासाजी के लिए ग्राम रेगड़ा गई थाना चक्रधरनगर की पुलिस टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम रेगडा में मौहादरहा नदी किनारे अवैध रूप से महुआ शराब बेच रहे आरोपी राकेश उरांव पिता जगलाल उरांव उम्र 25 वर्ष निवासी रेगडा लोहारपारा थाना चक्रधरनगर को पकड़ा जिसके कब्जे से 32 लीटर महुआ शराब और शराब बिक्री रकम 250 जब्त किया गया है। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव को मुखबीर से आरोपी के नदी किनारे अवैध रूप से शराब विक्रय करने की सूचना मिली थी जिस पर वारंटी पतासाजी करने ग्राम रेगड़ा गए पुलिस टीम को थाना प्रभारी द्वारा कार्रवाई करने निर्देशित किया गया। आरोपी राकेश उरांव पर थाना चक्रधरनगर में धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्टके तहत कार्रवाई किया गया है। शराब रेड कार्रवाई में प्रधान आरक्षक सुमन चौहान, आरक्षक चंद्र कुमार बंजारे, सुशील मिंज, नंद कुमार पैकरा शामिल थे।

### 50 लीटर महुआ शराब जब्त

**रायगढ़।** थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में कल पूंजीपथरा पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम गेरवानी से जंगल के रास्ते पैदल कंधे पर कांवर में शराब परिवहन कर रहे व्यक्ति शिव प्रसाद सिदार पिता बोनोगिरी सिदार उम्र 55 वर्ष साकिन लाखा थाना कोतवाली रायगढ़ को रिंकु ढाबा के सामने पकड़ा। शिव प्रसाद अपने कांवर में 05 प्लास्टिक थैला लटकाये हुआ थाए प्रत्येक थैला अंदर 10-10 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक जरकीन अंदर महुआ शराब रखा हुआ था जिसे शिव कुमार ने अवैध बिक्री करने लेकर जाना बताया। आरोपी शिव प्रसाद सिदार के कब्जे से कुल 50 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद हुआ आरोपी के कृत्य पर थाना पूंजीपथरा में धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है। शराब रेड कार्रवाई में थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी, सहायक उप निरीक्षक चंदन आदि शामिल थे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी घरघोड़ा जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

राजस्व प्रकरण क. 0/अ-2/23-24
ग्राम तुमीडीह पटवारी हल्का नं. 20

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिषीकेशन पिता टेटकू जाति माझी निवासी तुमीडीह तहसील घरघोड़ा जिला रायगढ़ द्वारा ग्राम तुमीडीह पह0नं0 18 तहसील घरघोड़ा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि :- **खसरा नंबर 314/2, रकबा 0.219 हे. से रकबा 0.040 हे. योग 01, रकबा 0.040 हे., रकबा 0.040 हे.** को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है जिस पर प्रकरण विचाराधीन है एवं जिसकी सुनवाई दिनांक 28.03.2024 को नियत है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो नियत दिनांक तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा । आज दिनांक 11.03.2024 को हस्ताक्षरित एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा)
घरघोड़ा जिला रायगढ़ (छ.ग.)**







